Page No.:
Date: / /

Ch-3

न (1) का उत्तर:- अध्याय में बताए गए तीन प्रकार के वर्चस्व के उदाहरण निम्नलिखित है -

(i) सैनिक वर्चस्व :- अमेरिका की सैन्य शक्ति विश्व में सबसे मजबूत है। संख्यात्मक तथा गुणात्मक दोनो रूपो में ही विश्व में अपना वर्चस्व बनाए हुए है।

(ii) आर्थिक वर्चस्व :- अमेरिकी डॉलर सबसे शक्तिशाली मुद्राओं में से एक है। विश्व के सभी संस्थानो में अमेरिका की एक महत्वपूर्ण भूमिका है।

(iii) सांस्कृतिक वर्चस्व :- अमेरिका की संस्कृति से बहुत से देश प्रभावित हुए है चाहे वह रहन-सहन का तरीका हो या जीवन शैली।

) का उत्तर:- 1991 में अमेरिकी वर्चस्व स्थापित हुआ जब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोवियत संघ गिरने लगा। जब शीतयुद्ध समाप्त हुआ तब अमेरिका के वर्चस्व में सैन्य शक्ति, सांस्कृतिक तथा संगठनात्मक शक्ति भी सम्मिलित थी।
अमेरिका ने शीतयुद्ध के पश्चात आतंकवाद की समस्या के खिलाफ भी अपनी ताकत का प्रयोग किया। प्रथम खाड़ी युद्ध में अमेरिका की सैन्य शक्ति तथा अन्य देशों के मध्य ताकत का अंतर पता चला। अमेरिका ने स्मार्ट बमो द्वारा कम्प्यूटर युद्ध के लिए भी प्रेरित किया।